बिहार सरकार

# अनुमंडल कार्यालय जगदीशपुर, भोजपुर

(गोपनीय प्रशाखा)

## विकास मित्र के रिक्त पद पर नियोजन

1. अनुमंडल स्तर पर विकास मित्र चयन समिति का गठन करने की तिथि– 15.05.2025
2. प्रखंड/नगर निकाय में रिक्तियों के प्रकाशन करने की तिथि– 20.05.2025
3. प्रखंड/नगर निकाय में आवेदन प्राप्त करने की तिथि–26.05.2025 से 06.06.2025
4. मेघा सूची तैयार करना एवं प्रकाशन करने की तिथि– 13.06.2025
5. चयन सूची तैयार करना एवं अनुमोदन प्राप्त करने की तिथि–16.06.2025
6. चयन सूची की अंतिम प्रकाशन, आपत्ति प्राप्त करना, आपत्ति का निराकरण करके नियोजित सूची प्रकाशन करने की तिथि– 20.06.2025 से 28.06.2025
7. नियोजन पत्र वितरण/शपथ ग्रहण उनमुखीकरण कार्यक्रम– 04.07.2025

**विकास मित्र का चयन–** महादलित समुदाय से ग्रामीण में रिक्त पंचायत एवं शहरी क्षेत्र में रिक्त वार्ड समूह/कलस्टर पर एक विकास मित्र का चयन किया जायेगा। विकास मित्र का नियोजन अनुबंध के आधार पर किया जायेगा। पंचायत/वार्ड समूह वर्ष– 2010 के सर्वेक्षण के आधार पर जिस महादलित जाति के जनसंख्या की बहुलता होगी उसी जाति से विकास मित्र का चयन किया जायेगा।

1. **चयन हेतु अर्हता–**

(i) आवेदक पूर्व से निर्धारित महादलित परिवार जाति बहुलता वर्ग से होंगे।

(ii) जिस पंचायत/वार्ड समूह (कलस्टर/शहरी) से विकास मित्र का चयन किया जाना है, वही के निवासी से आवेदन पत्र प्राप्त किया जायेगा।

(iii) आवेदक का न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक या समकक्ष होगी।

(iv) विकास मित्र के चयन में शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक या समकक्ष नहीं मिलने की स्थिति में निम्न प्रकार से चयन किया जा सकता है। (क) नन मैट्रिक (ख) नौवी पास (ग) आठवी पास (घ) सातवी पास (ड) छठा पास (च) पॉचवी पास। सर्वप्रथम नन मैट्रिक उसके पश्चात नौवी पास उसी प्रकार से नीचे के क्रम से चयन किया जायेगा। महिलाओं के शैक्षणिक योग्यता नहीं मिलने पर साक्षर होने पर भी उन्हे चयनित किया जायेगा। बर्शते वे अक्षर योजना एवं स्वयं सहायता समूह के साथ जुड़ी हो तथा वे सामाजिक कार्यो में प्रगतिशील सक्रिय महिला हो। उच्चतम शैक्षणिक योग्यता का आवेदक उपलब्ध रहने पर किसी भी स्थिति में निम्न शैक्षणिक योग्यता वाले का चयन नहीं किया जायेगा। जब एक ही शैक्षणिक योग्यता के दो या दो से अधिक आवेदन प्राप्त होंगे वैसी स्थिति में जिस आवेदक की उम्र सबसे कम होंगी (जन्म तिथि के अनुसार) का चयन किया जायेगा। अगर दो या दो से अधिक आवेदकों की जन्म तिथि एवं शैक्षणिक योग्यता समान हो वैसी स्थिति में अनुमंडल पदाधिकारी स्वविवेक से आवेदक का चयन करेंगे।

(v) चयन में मैट्रिक या समकक्ष से उच्चतर योग्यता वाले अभ्यर्थी के लिए अतिरिक्त लाभ नहीं दिया जायेगा।

(vi) मैट्रिक या समकक्ष से सर्वाधिक प्रतिशत प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।

(vii) मैट्रिक या समकक्ष में समान प्रतिशत रहने पर ज्यादा उम्र वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।

Scanned with OKEN Scanner

2. **आयु सीमा–** आवेदक की उम्र दिनांक– 01.01.2025 का न्युनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 50 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित महिला पदों के लिए मैट्रिक अथवा समकक्ष उपलब्ध नहीं रहने पर साक्षर तक एक से अधिक अभ्यर्थी की स्थिति में कम उम्र वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।
3. **जाति बहुलता–** पंचायत/वार्ड समूह क्षेत्र में महादलित वर्ग में सम्मिलित जातियों में से किसी एक जाति की बहुलता का निर्धारण किया जा चुका है। जाति बहुलता का निर्धारण उसी जाति से की गई है, जिस जाति की जनसंख्या पंचायत/वार्ड समूह में सबसे अधिक है किसी भी परिस्थिति में विकास मित्र का चयन उसी रिक्त वाले पंचायत से ही किया जायेगा।
4. **नियोजन की अवधि–** विकास मित्रों का नियोजन 60 वर्ष कार्य किए जाने हेतु अनुबंध के आधार पर किया जायेगा। आवश्यकता अनुसार पुनः नियोजन किया जा सकता है।
5. **मानदेय–** प्रत्येक विकास मित्र को सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित मानदेय भुगतेय होगा।
6. **सामान्य निर्देश–** कार्य योजना के अनुसार सभी तथ्यों यथा विकास मित्रों के पदों की जिला द्वारा अनुमोदन इत्यादि की सूचना मिशन को समय–समय प्रेषित किया जायेगा।

**प्रखण्ड स्थित पंचायत का आवेदन पत्र जमा करने का स्थान– प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का कार्यालय, बिहियॉ, भोजपुर**

**नगर पंचायत स्थित वार्ड का आवेदन पत्र जमा करने का स्थान– नगर पंचायत कार्यालय, बिहियॉ**

| क्र०सं० | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | जातिगत बहुलता | आरक्षण की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बिहियॉ | गौड़ाढ़ रूद्रनगर | मुसहर | सामान्य |
| 02 | बिहियॉ | नगर पंचायत बिहियॉ, वार्ड नं०– 12 | मुसहर | सामान्य |

- अधिक जानकारी के लिए– अनुमंडल कार्यालय, जगदीशपुर/जिला कल्याण पदाधिकारी, भोजपुर, आरा के कार्यालय एवं बिहार महादलित विकास मिशन से संपर्क किया जा सकता है।
- बिहार महादलित विकास मिशन के हेल्पलाईन पटना का संपर्क नं०– 18003456345 पर संपर्क किया जा सकता है।
- आवेदन पत्र का प्रपत्र www.mahadalitmission.org पर उपलब्ध है।
- रिक्त से संबंधित जानकारी के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बिहियॉ के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।
- अनुमंडल पदाधिकारी, जगदीशपुर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा विकास मित्रों का चयन किया जायेगा।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अनुमंडल पदाधिकारी,
जगदीशपुर, भोजपुर।

अनुमंडल पदाधिकारी
जगदीशपुर, भोजपुर

[redacted]